# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 23 मार्च, 2021

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

**कुल प्रश्न 20**

----

### मुआवजा की राशि

***421 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**विधि :-**

क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि रेप और तेजाब पीडि़त महिलाओं को पीडि़त प्रतिकार स्कीम के तहत मुआवजा देने के लिए प्रत्येक जिला में क्रिमिनल इंज्यूरी कम्पनसेशन बोर्ड गठित है;

(ख) क्या यह सही है कि मुआवजा की राशि प्रत्येक जिला को बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से भेजी जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त प्रावधान के बाद भी पटना जिला की पीडि़ताओं को अबतक मुआवजा की राशि नहीं मिली है, यदि हां, तो राशि नहीं मिलने का क्या औचित्य है?

----

### सेवा में समायोजन

***422 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि डॉ. कमलेश तिवारी, सहायक प्राध्यापक, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, वर्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी, नालंदा के साथ इनके जैसे अनेक प्राध्यापक, जो राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में 4 वर्षों से कार्यरत थे, के मानदेय का पुनरीक्षण नहीं होने के कारण त्याग पत्र दे दिये हैं;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन्हें पुनः उचित न्याय प्रदान करते हुए सेवा में समायोजन करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## अगरबत्ती कलस्टर की स्थापना

***423 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**उद्योग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखंड अन्तर्गत शेखपुरा ग्राम पंचायत के विभिन्न ग्रामों में अगरबत्ती निर्माण में कार्यरत मजदूरों का वर्ष 2018 में आई.एल. एण्ड एफ.एस. डेवलप्मेंट इनिसिएटिव लिमिटेड, पटना के एक अधिकारी श्री रिंकु दास और नवादा जिला उद्योग केन्द्र के तत्कालीन महाप्रबंधक श्री वर्मा ने संयुक्त रूप से सर्वेक्षण किया था;

(ख) क्या यह सही है कि आई.एल. एण्ड एफ.एस. ने वर्ष 2018 में जिला उद्योग केन्द्र, नवादा के महाप्रबंधक को एक डाइगोनेस्टिक स्टडी रिपोर्ट समर्पित करते हुए मुख्यमंत्री कलस्टर योजना अन्तर्गत नवादा जिला में अगरबत्ती कलस्टर की स्थापना कराने की अनुशंसा की थी;

(ग) क्या यह सही है कि प्रश्नागत शेखपुरा ग्राम पंचायत के मुखिया ने दिनांक – 03.10.2019 को नवादा के जिला पदाधिकारी को आवेदन समर्पित करके प्रश्नागत अगरबत्ती कलस्टर की स्थापना हेतु अग्रेतर कार्रवाई का अनुरोध किया था;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवादा जिले में अगरबत्ती कलस्टर की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई पर विचार

***424 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के कोंच प्रखण्ड के आंती विद्युत सब-स्टेश्न में औरंगाबाद के गोह से 33000 का एच.टी. तार लाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि जितने भी पोल गाड़े गए हैं वे सभी उत्तरी कोयल नहर के किनारे गाड़े गए हैं जिस कारण लगभग सभी जगहों पर मिट्टी गिली होने से पोल नीचे की ओर झुक गए हैं, जिस कारण कभी भी पोल एवं तार गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जान-माल की भारी क्षति हो सकती है;

(ग) क्या यह सही है कि आंती सब-स्टेशन के ग्रामीण फीडर में भी कई जगह ट्रांस्फार्मर पोल सहित झुक गए हैं जो कभी भी नीचे गिर सकते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोह आंती 33000 लाइन में सभी पोल एवं तारों को दुरुस्त करने, आंती ग्रामीण फीडर के ट्रांसफार्मर को ठीक करने एवं इस तरह का घटिया काम करने वाली एजेंसी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## विद्युत आपूर्ति

***425 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत खनवां विद्युत उपकेन्द्र से समीपवर्ती शेखपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति करने हेतु लोहा पोल एवं संचरण लाइन (तार) का कार्य काफी दिनों पूर्व ही सम्पन्न हो गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खनवां विद्युत उपकेन्द्र से प्रश्नागत पंचायत को विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था शीघ्र करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुदान राशि का भुगतान

***426 श्री सलमान रागीब (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखण्ड के आबिद हुसैन, पिता- मो. मुस्लिम, ग्राम- बिसाही, पो.- मस्तीचक, जिला-सारण की मृत्यु कोरोना के कारण दिनांक- 03.12.2020 को इलाज के क्रम में एम्स, पटना में हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि स्व. आबिद हुसैन के मृत्यु के बाद घर की स्थिति काफी जर्जर हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि कोरोना से मृत्यु होने पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्राकृतिक आपदा से संबंधित अनुदान की घोषण भी की गई है;

(घ) क्या यह सही है कि स्व. आबिद हुसैन की पत्नी- मोस्मात रूबी खातून, बच्चे एवं आश्रित मां-बाप अनुदान के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व. आबिद हुसैन की मोस्मात पत्नी रूबी खातून को प्राकृतिक आपदा से मुत्यु होने पर चार लाख रुपये अनुदान की राशि देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदस्थापना कब तक

***427 श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक- 803(10), दिनांक- 14/10/2015 एवं 217(A), दिनांक – 16/02/2017 द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षक समवर्ग की मूल कोटि के पद को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं निदेशालय स्वास्थ्य सेवाए बिहार, पटना में स्थानांतरित कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त आदेशों के बावजूद स्वास्थ्य प्रशिक्षकों को अबतक अतिरिक्त प्राथमिक केन्द्रों में ही पदस्थापित रखा गया है और उसी पदस्थापित संस्थान से वेतनादि का भुगतान किया जा रहा है जो घोर वित्तीय अनियमितता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वित्तीय अनियमितता के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को चिंह्ति कर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए नवचिंह्ति मूल कोटि के पद पर स्वास्थ्य प्रशिक्षक की पदस्थापना करना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## कड़ी कार्रवाई

***428 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच., एन.एम.सी.एच., डी.एम.सी.एच. (दरभंगा) सहित सभी अस्पतालों में साफ - सफाई एवं गंदगी निस्तारण का कार्य ठेका पर निजी संस्थाओं को दिया गया है, लेकिन जहां-तहां अस्पतालों में थूक-खखार एवं गंदी चीजें पड़ी रहती हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पटना, दरभंगा, गया, भागलपुर के प्रतिष्ठित अस्पतालों में इतने खर्च के बावजूद बदबू, सीलन एवं संक्रामक वस्तुएं देखी जा सकती हैं, अस्पतालों की साफ-सफाई एवं एंटी डस्टिंग की ठेका का पिछले तीन वर्षों का वर्षवार कुल व्यय कितना है;

(ग) उपर्युक्त खंडों के आलोक में क्या सरकार जनहित में साफ - सफाई एवं एंटी डस्टिंग के पूरे ठेके की जांच कराकर इसमें संलिप्त पदाधिकारियों एवं एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मातृ शिशु कल्याण केन्द्र की व्यवस्था

***429 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना सिटी स्थित गांधी सरोवर मंगल तालाब के निकट मातृ शिशु कल्याण केंद्र अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त केन्द्र को रेड क्रॉस सोसायटी से भी सम्बद्ध कर दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि पूर्व में इस केंद्र में महिला चिकित्सक सहित नर्स तथा 6-7 अन्य कर्मचारी भी नियुक्त थे;

(घ) क्या यह सही है कि इस केन्द्र को मधुमेह व अन्य बीमारी के इलाज हेतु एक अस्पताल के रूप में विकसित किया जा सकता है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बताएगी कि उक्त मातृ शिशु कल्याण केन्द्र को सुव्यवस्थित रूप से चलाने की कोई योजना है और नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

***430 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत नावा नगर प्रखण्ड की भटौली पंचायत के भटौली ग्राम में स्वास्थ्य उपकेन्द्र है;

(ख) क्या यह सही है कि कई वर्षों से उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन आधा-अधूरा बना हुआ है तथा फिलहाल यह स्वास्थ्य उपकेन्द्र किराये के भवन में संचालित हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन निर्माण पूरा कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, और नहीं तो क्यों?

----

## रिसर्च सेंटर का निर्माण

*431 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार आयुष एवं यूनानी पद्धति से इलाज के विकास के लिए संजीदा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों में कितने आयुष एवं यूनानी अस्पताल खोले गए हैं, इसमें कितने डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है और कितने प्राइवेट कॉलेज खोलने की अनुमति दी गई है एवं राज्य सरकार यूनानी एवं आयुष रिसर्च सेंटर खोलने का इरादा रखती है, यदि हां तो, कबतक?

----

## विद्युत पोल की व्यवस्था

*432 **श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के दीघा थाना अंतर्गत कुर्जी विकास नगर कॉलोनी के रोड नंबर – 9 में लगाए गए विद्युत पोल में से प्रथम पोल टूटी अवस्था में पड़ा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त टूटे विद्युत पोल से कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टूटे हुए विद्युत पोल को बदलकर दूसरा पोल लगाना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन जर्जर

***433 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिला अंतर्गत प्रखंड हरनौत के खरथुआ में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्णित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर है जिसे जीर्णोद्धार की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिकता के आधार पर वर्णित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## आधुनिक सुविधा

***434 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत नौबतपुर में रेफरल हॉस्पिटल स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि रेफरल हॉस्पिटल नौबतपुर में आस-पास के लगभग 8 किलोमीटर के मरीज इलाज कराने आते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि रेफरल हॉस्पिटल नौबतपुर में भवन तथा आधुनिक सुविधाओं की कमी है जिससे मरीजों का उचित इलाज नहीं हो पाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त अस्पताल के लिए नया भवन तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चिकित्सकीय सुविधा

***435 श्री संजय प्रकाश (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के विक्रम ट्रामा सेन्टर में 20 वर्षों से अभी तक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि यह सेन्टर 2002 में ही बनकर तैयार हो गया था;

(ग) क्या यह सही है कि मशीन जंग खा रही है और भवन गिरने लगा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यहां कबतक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करा सकेगी?

----

## नियुक्ति पर विचार

***436 मो. फारूक (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के पुराने अस्पताल को मातृ शिशु अस्पताल के रूप में विकसित करते हुए संचालन हेतु विभिन्न कोटि के 31 (एकतीस) पदों का सृजन किया गया है परन्तु अभी उसमें नियुक्तियां नहीं होने के कारण रोगियों को काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार सृजित आवश्यक पदों पर नियुक्ति हेतु कबतक कार्रवाई करना चाहती है?

----

## सेवा बहाल

***437 सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम – रसियारी सहायक प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन जर्जर हालत में है तथा उसमें डॉक्टर एवं अस्पतालकर्मी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे जनता स्वास्थ्य सेवा से वंचित हो

रही है;

(ख) क्या यह सही है कि कोविड – 19 जैसे महामारी काल में भी स्वास्थ्य सेवा बंद थी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रसियारी सहायक प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर चिकित्सीय सेवा बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

***438 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत प्रखंड – तेघड़ा, ग्राम पंचायत गौड़ा – 02 के वार्ड संख्या – 06 एवं 07 में विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत प्रत्येक घर नल-जल का कार्य कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति हेतु किए गए कार्यों में काफी अनियमितता बरती गई है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पंचायत समिति के वार्ड – 07 की अध्यक्ष श्रीमती मंजू देवी, वार्ड नं.- 06 की अध्यक्ष श्रीमती मीनू कुमारी, सचिव श्रीमती राधा देवी के द्वारा उक्त अनियमितताओं के संबंध में जिलाधिकारी, बेगूसराय को भी सम्पूर्ण कार्यों की जांच हेतु अनुरोध किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'ख' में वर्णित कार्यों में बरती गई अनियमितताओं की जांच करा कर इसके दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## राजस्व की क्षति

***439 श्री हरिनारायण चौधरी (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत नगर परिषद् के राजेन्द्र पथ में फुटपाथ पर अनेकों दुकानें हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दुकानों के कुछ दुकानदार बिजली का वैध कनेक्शन एवं अधिकांश दुकानदार बिजली का अवैध कनेक्शन लेकर नाजायज तरीके से बिजली चोरी करते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राजेन्द्र पथ के फुटपाथ पर स्थापित दुकानों के अवैध रूप से बिजली कनेक्शन की यथाशीघ्र जांच सरकार कराना चाहती है ताकि राजस्व की क्षति न हो सके ?

----

## भवन का निर्माण

***440 श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत – भासर मछहा उत्तरी ग्राम – भासर रमना, वार्ड नं. – 08 में अवस्थित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उत्क्रमित करने एवं भवन के निर्माण की जरूरत है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के डुमरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत – भासर मछहा उत्तरी ग्राम – भासर रमना, वार्ड नं. – 08 में अवस्थित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उत्क्रमित करना एवं भवन का निर्माण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----